प्रेस नोट थाना सिरसागंज दिनाँक 13-06-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर देने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त धारा सिंह को अवैध असलहा सहित किया गिरफ्तार।

- हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को पूर्व में भेजा जा चुका है जेल।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 246/2024 धारा 147/148/149/302/34 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त धारा सिंह पुत्र ज्ञान सिंह को दिनाँक 12-06-2024 को हैवतपुर कट के सामने कस्बा व थाना सिरसागंज से मय एक अदद तमन्चा व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 276/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम धारा सिंह के विरूद्ध पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को मा0 न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

वादी श्री भूरे सिंह यादव पुत्र श्री जयश्रीराम निवासी नगला गुलाल थाना नगला खंगर जिला फिरोजबाद ने दिनांक 25-05-2024 को थाना सिरसागंज पर तहरीर दी गयी थी कि मेरे भाई कमलेश पुत्र श्री जयश्रीराम निवासी नगला गुलाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 45 वर्ष की नरसिंग ग्लोबल स्कूल के पास सौंथरा रोड कस्बा व थाना सिरसागंज पर निर्मम हत्या की गयी है जिसके सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0-246/2024 धारा 147/148/149/302/34 भादवि पंजीकृत किया गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. धारा सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी मौलापुर थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 246/2024 धारा 147/148/149/302/34 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2- मु0अ0स0 276/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी -

1. एक अदद तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्र0नि0 श्री बैजनाथ सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2.व0उ0नि0 श्री अजेन्द्र सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3.हे0का0 1051 पवन कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4.का0 418 राहुल गुप्ता थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।